निवेदन.

पाठक गण ! जैन साहित्य संसारमें " वस्त्र वर्ण सिद्धी " नामके विषयमें पुस्तक की वृद्धि हुई है । यह विषय न तो औपदेशिक है, न सामाजिक है, यह तो केवल साधु धर्म और जिसमें भी मुख्यतया वस्त्र वर्ण विषयक विवरणके शास्त्रोक्त प्रमाणोंका चर्चात्मक लेख है । इस संसारकी कठिन उपाधियोंसे निवृत्त होकर जिन महानुभावोंने निवृत्तिमार्ग अंगीकार किया है, उनमें से किसीको " वस्त्रवर्ण " विषयक शंका उपस्थित हुइ हो, उसका इस पुस्तकमें संपूर्ण समाधान है ।

वर्तमानमें मनुष्योंकी बहुधा ऐसी प्रवर्तीयें दृष्टी गत होती हैं, कि जिनके प्रभावसे मनुष्यों मे चंचलता, अहंभाव उत्पन्न होकर भवभ्रमणकी तर्फ विशेष प्रवर्तीयें हो जाती हैं, और महान अगाध प्रवाहमें गीरनेवाले प्राणी अज्ञान-दुर्ज्ञानके प्रतापसे शीव सुखके अधिकारी नहीं हो सक्ते । क्योंकि उनका हृदय विक्षिप्त होकर भव भ्रमणमें गीर जाता है । आप जानते होंगे कि थोडे समय पूर्व वस्त्रवर्ण विषय चर्चाका जन्म रतलाम (मालवा) नगरमें हुवा था और वह इस भाषा-शैलीमें प्रतिपादित था के जिसको महानुभाव-ज्ञानी-साक्षर निंदात्मक दृष्टी से देखते थे । तबसे ही मेरे मनमें यह भावना उत्पन्न हुइ थी, के इस विषयको सरल बनानेकी कोशीस करना चाहिये । तद्नुसार शास्त्र वेत्ता मुनिवर्गादिसे विज्ञप्ति कीगइ । और जिन मुनि महाराजाओंने इस विषयका साहित्य संपादन किया है,

उनका उपकार मानता हूं। और विशेष प्रकारसे श्रीमान् आगमोद्धारक आचार्य वर्य श्री सागरानंद सूरीश्वरजी महाराजके शिष्य श्रीमुनिवर्य माणिक्य-सागरजी महाराजको सहस्र धन्य वाद है कि जिन्होंने इस कठिन विषयके विशेष प्रमाण मुझे सरल रीत्यानुसार समझाये और मूल पाठोंका भावार्थ लिखाया है। अलबत्ता इस ग्रंथ में मूल पाठ पर से शब्दानुवाद नहीं किया गया है। क्योंकि मैं क्षुद्रात्मा इस विषयका अनधिकारी हूं। अतः पाठकोंके समक्ष समझमें आजावें इस तरह भावार्थ मात्रमें विक्षेप न हो यही मंतव्य मुख्यतया रख कर केवल विषय स्पष्टकी तर्फ ध्यान रख कर भाषा लिखी गई है। इस विषयकी भाषामें, भाषा सौंदर्य-लालित्य-किंवा भावग्राही शब्दों का अभाव है। तदपि शंका समाधान तो योग्य प्रमाण से हो ही जावेगा। तथापि इस विषयमें त्रुटिएं रह जाना कोइ बड़ी बात नहीं है। क्योंकि मनुष्य भूल का पात्र होता है। और संभव है कि साक्षरों की दृष्टीमें वे त्रुटीयें तैर आवें। किन्तु इतना स्मरण रहे कि भाषा में त्रुटीयां नहीं है। मेरा मुख्य आशय यह है कि समाजमें निरर्थक वितंडावादका जन्म न हो। और मुद्रण करना व संशोधन आदिकी जो जो भूलें हों उनके लिये क्षंतव्य. इसके सिवाय और कोइ विशेष ज्ञातव्य विषय उसके लिये साक्षर वर्ग सूचित करें ताकि नवीन संस्करणके समय उपयोग किया जाय। शुभमस्तु।

संघ का सेवक,

चंदनमल नागोरी.

विनंती.

पाठक महोदय ! हमारे मंडलने पुस्तक करानेका साहस उठाया है उसके फल स्वरूप यह पुष्प प्रकाशित करानेका सौभाग्य प्राप्त हुवा है। आपके कर-कमलोंमे है. आशा है कि समाज हमारे को अपनाये जांयगे शुभम्.

आपके शुभ
श्रीमद् गुण प्रसारक मित्र मंडल के.

व्यापिक कर्में नियाम करती है। जिनके प्रभाव से मनुष्य को संगीत चित्र लेखन, शिल्प, कला कौशल्य, वक्तव्य किंवा मुद्रितादि प्राप्त होती है, और इस अमूल्य एवं महत्व के साधनोंमें लेखनी का साधन बहुधा उत्तम और ऊंची कक्षामें लेजाने के ... गया है। समस्त देशों के साहित्योपासक व्यक्ति, नेताओं की तर्फ दृष्टि विस्तरित कर देखा जाय तो ... प्रभाव से ही उच्चतम श्रेणी पर आरूढ हो, जन बने हैं। उसको यदि अन्य स्वरूपमें कथन किया जाय कौशल्य का मुख्य तत्त्व " विचार श्रेणीकी प्रबलता . और इस श्रेणी को प्रदीप्त की जाय तो जिन मनुष्य विजय करना चाहता है, वही परिणाम उस ... लिये निकटवर्ती उपस्थित होना असंभव नहीं है। ... का कथन इस तरह करना उत्तम होता है कि, विचारज्ञों के विचार से अपने विचारों की ... अधिक विद्वान द्वारा निर्णय कराना यही म.गे ...

विचार श्रेणी के दो भेद मानना भी ... व्यवहारिक दृष्टि से, द्वितीय निश्चियात्मक दृष्टि से प्रथम भेद को पहले विधि पुरःसर जानना चाहिये. ... सत्ता चतुर्दश गुणस्थान तक अपना वर्ष बतानी है आदरणीय है। द्वितीय भेद का विवरण आगोगम्य है.

भूतकालमें भी महर्षिगण विचार श्रेणी को

किया करते थे, उदाहरण है कि, श्रीमान सिद्धसेन दिवाकर महाराज का कथन था कि " केवलज्ञान व केवलदर्शन एक ही है " और श्रीमान जिनभद्र गणी महाराज कहते थे कि नहीं-केवलज्ञान, केवल-दर्शन दो हैं। इस तरह परस्पर प्ररूपणामें विरोध था किन्तु आपसमें वैमनस्य भाव उत्पन्न नहीं होता, एसी भवना प्रवर्ती से विचार क्षेत्र की वृद्धि की जाय तो अति हितकर होती है.

पाठकगण ! विचार विस्तारित करने का व लोकमत सुशिक्षित बनाने का कार्य उत्तम है, तदपि विचार क्षेत्रको एसा विषमय न बना दिया जाय कि जिससे शासनचक्रमें वैमनस्य पैदा होकर हानि पहुंचे.

मेरी यह भावना नहीं है कि हठवादियों की तरह मैं मेरा ही मंतव्य सिद्ध करने को कपोल कल्पित उपाय की योजना करूं। मैं तो केवल यही चाहता हूं कि जैन जनता बुद्धिवाद के जमानेमें जड़-वाद की तर्फ न झुक जाय, क्योंकि शास्त्र विरोधी नहीं हैं, न शास्त्रों में विरोध है। विरोध तो केवल अपनी अहंमान्यता पर ही आधार रखता है, और यही भाव मनुष्य जीवन को बिगाड देता है। यह भाव एसा है कि किंचित किंचित मात्र कथन पर पर्वत जितना स्वरूप खड़ा करने वाले निंदक बनते हैं। कि जिसको बुधिमान देखते नहीं हैं किन्तु तिरस्कारक दृष्टि से देखते हैं. क्योंकि मनुष्य जो मद में आकर यद्वा तद्वा का उपयोग कर कराके आनंदित होता है, वह मानव प्रकृति से भिन्न है। और भिन्नापेक्षा कथन होनेसे विकल्प पैदा करता है, विकल्प से विकल्पता उत्पन्न होती है विकल्पता से

उपयोग हीन बनते हैं और वह अपने पद से च्युत होजाते हैं. और होना ही चाहिये. क्योंकि मद, अहंता, अभिमान, यह एसा भाव है कि जब मनुष्य के शरीरमें उत्पन्न होता है तब वह अपने उच्च पद से भ्रष्ट होकर निकृष्ट स्थान की स्थिति पैदा करता है। सब ही कार्य के साथ उसका फल, प्रयत्न के साथमें परिणाम, आघात के सामने प्रत्याघात, और भावना के सामने उसका बदला सामने ही खड़ा होता है। अतएव इन उपरोक्त दोषों से दूषित न बनकर विचार क्षेत्रमें प्रवेश किया जाय तो विशेष हितकर है।

इतनी दीर्घ और मन-मोहक भूमिका लिखने का यही हेतु है कि विचार ही मनुष्य के अधोगति व उर्ध्वगति लेजानेमें सहायक है। अतएव क्षुद्रात्मा को कहीं एसा भाव उत्पन्न न होजाय, कि मेरा ही मंतव्य प्रमाणिक और ठीक है अन्य का नहीं। अस्तु.

निवेदक,
चंदनमल नागोरी,
मु. छोटी सादड़ी (मेवाड़)

॥ श्री वीतरागाय नमः ॥

वस्त्र वर्ण सिद्धी.

मालवा के अंतर्गत महान प्रभावशाली माहाराजा विक्रमादित्य की पुन्य प्रपूर्ण भूमि उज्जयनी नगरी के समीप प्रख्यात शहर रतलाम (रत्नपुरी) में वस्त्र वर्ण निर्णय सम्बंधी चर्चा का जन्म हुवा, और वह एसे स्वरुपमें निर्बाध करने लगा कि जो जैन अजैन साक्षरों की दृष्टीमें प्रणास्पद होगया, यहां तक कि प्रतिष्ठित राज्य कर्मचारियों ने प्रजा के हितार्थ इस धार्मिक-चरण करणानुयोग चर्चा को वितंडावाद समाज बंद करने की चेष्टा की, आश्चर्य है! महावृत के शोभास्पद वस्त्र वर्ण विवाद का अमानुषी स्वरूप?

मैंने यह विचार किया कि पुरातन प्रवृती के प्रमाण क्या आगमों में नही है? कि जिससे सांप्रत समाज में एसी चर्चा का जन्म हुवा? तो यही परिणाम आया कि प्रमाण तो विशेष रुपमें प्रति पादित हैं किन्तु मान्यता को दृढ करने के साधन प्रायः लभ्य नहीं है। तभी हम की खोजना में साहित्य प्रेमी समाज मग्न है, अगर सोचा जायतो श्रीमान् अनुयोगाचार्य सत्य विजयजी आदि शासन प्रेमी महानुभावों ने वस्त्र वर्ण परिवर्तन किया है, और समाज ने शास्त्रोक्त समग्र समाज हित के लिये तद् विषयक प्रवर्ती की, अब

जिन महानुभावों को " श्वेतवस्त्र " नाम मात्र से ही अपना मंतव्य प्रबल करना है, उन को परावर्त्तित वर्णवालों से विरोद्ध करना पड़ता है। इस विरोद्धभाव की शांति के लिये शास्त्रों के प्रमाण दिये जांय तभी विरुद्धता की आहुती होगी वरना अशांति रहना संभव है। अतएव शास्त्रों के ज्ञाता मुनिवर्य, आचार्यवर्य, किंवा अन्य साक्षरों की सेवामें लिखा गया कि क्या इस विषय के प्रमाण मुद्रित कराने में हानि है? उत्तर यही मिला कि भवभीरु आत्मा को शांति के लिये शास्त्रों के पाठ बताना लाभदाइ हैं, अतएव यथा शक्ति प्रयत्न करने से तद् विषयक जो साहित्य प्राप्त हुवा है उस को जन समाज के समक्ष प्रगट करना योग्य है।

प्रमाण १

आचाराङ्ग, श्रुतस्कन्ध दूसरा, प्रथम चूलिका, वस्त्रैषणाध्ययन पांचमा, प्रथम उद्देपे में पाठ है कि—

> से जं पुण वत्थं जाणिज्जा–जंगियं वा भंगियं वा साणयं वा पोत्तगं वा खोमियं वा तूलकडं वा तहप्पगारं वत्थं वा धारेज्जा (सू० ३६४)

भावार्थ–इस सूत्र में (जंगिय) उंट के रोम से उत्पन्न होने वाला वस्त्र (भंगिक) जो विकलेन्द्रिय की लार से पैदा होता है। (साणय) सण से जो वस्त्र बनाये जाते हैं जिन्हें सणीया कहते हैं

इसी तरह मे वल्कल से बना हुवा, ताड आदि पत्रों के
ण से बना हुवा, कपास से पैदा होने वाला और अर्कादि के
मे उत्पन्न हो, वह वस्त्र धारण करने की आज्ञा दी । अब
पक्ष व्यक्ति क्या ऊंट की रोमराय, या सण की स्वयं स्थिती को
त बना सकेंगे? कदापि नही, तो यही सारांश निकलता है कि
त के सिवाय भी वस्त्र कल्पनीय है। इसी प्रमाण के हेतु भूत
टीकाकार भी लिखते हैं कि—

प्रमाण २

"स भिक्षुरभिकांक्षेद् वस्त्रमन्वेष्टुं, तत्र यत्पुनरेवंभूतं वस्त्रं जानीयात्, तद्यथा-जंगियंति, जङ्गमोष्ट्राद्यूर्णानिष्पन्नं, 'तथा' भंगियंति नानाभङ्गिकविकलेन्द्रियलालानिष्पन्नं, तथा 'साणयं' ति सणवल्कलनिष्पन्नं 'पोत्तगं' ति ताड्यादिपत्रसंघातनिष्पन्नं 'खोमियंति' कार्पासिकं 'तूलकडं' ति अर्कादितूलनिष्पन्नम्, एवं तथाप्रकार मन्यदपि वस्त्रं धारयेदित्युत्तरेण सम्बन्धः ॥ (इति)

श्रीमान् टीकाकार भगवन आज्ञा करते हैं कि वस्त्र लेनेकी इच्छा वाला साधु तलाश करे और उसको ऊंटादि के रोमराय, विकलेन्द्रिय लार, सण वल्कल, ताड्य पत्र, कर्पास, अर्कादि से बना हुवा वस्त्र मालूम हो जाय किंवा वैसाही यदि दुसरा वस्त्र है तो

उसे धारण करसक्ता है। एसी स्पष्ट आज्ञा दी है। और तद् विषयक- श्रीमान् टीकाकार शिलङ्काचार्यजी माहाराज भी स्पष्ट फरमाते हैं.

प्रमाण ३

आचारांग, दूसरा श्रुतस्कंध, प्रथम चूलिका, पांचवा वस्त्रैषणा, अध्ययन, प्रथम उद्देषा.

से भि० से जं० असंजए भिक्खुपडियाए कीयं वा धोयं वा रत्तं वा घट्ठं वा मट्ठं वा संपधूमियंवा तहप्पगारं वत्थं अपुरिसंतर कडं जाव नो०, अह पु० पुरिसं० जाव पडिगाहिज्जा (सू० ३६७

भावार्थ–जो वस्त्र साधुके लिये मौल्य लिया है या, धो लाया है रंग परिवर्तन किया–रंगाया गया है, या धूपाया हो अथवा घीसकर मट्ठार कर तैयार किया हो, एसा वस्त्र दूसरे के उपयोग में आये विना साधु पुरुष नहीं लेवें। कैसी अनुपम आज्ञा है, याने रंगाहुवा वस्त्र लेवे, अब और प्रमाण क्या चाहिये। इसी सूत्र की टीका में टीकाकार श्रीमान् शिलंकाचार्य माहाराज भी फरमाते हैं कि—

प्रमाण ४

'साधुप्रतिज्ञया, साधुमुद्दिश्य गृहस्थेन क्रीतधौतादिकं वस्त्रमपुरुषान्तर कृतं न प्रतिगृह्णीयात्। पुरुषान्तरस्वीकृतं तुगृह्णीयादिति"

भावार्थ–साधु के उद्देश्यसे विक्रय लिया हुवा वस्त्र किंवा धोकर रंगवाकर, या और विशेषता प्राप्त कर साधु माहाराज प्रति लाभने के निमित्तही सब तैयारियां की हो ऐसा वस्त्र नहीं लेनेका कल्प है, और वह दुसरे पुरुष के उपयोग में आयाहो तो लेना कल्पनीय है। कहा है कि—

प्रमाण ५

"से भि० नो वण्णमंताइ वत्थाइं विवण्णाइं करेज्जा"

भावार्थ–इस सूत्र का यह है कि साधु अच्छे वर्ण याने रंग वाले वस्त्रका वर्ण न बिगाडे इसपर टीकाकार कहते हैं कि—

प्रमाण ६

स भिक्षुः वर्णवंति वस्त्राणि चौरादिभयान् नो विगत-वर्णानि कुर्यात्.

भावार्थ–प्रभुकी आज्ञा पालक साधु वस्त्र वर्ण को तस्करादि भय से परिवर्तन न करे, प्रथम तो ऐसे वस्त्रही नहीं लेना, यदि ले लिया है तो वर्ण परिवर्तन नहीं करना, इस कथन से सिद्ध होता है कि अच्छे वर्ण वाले वस्त्र साधु ग्रहण करें किन्तु रंग न पलटे, ऐसी शास्त्रकार माहाराज की आज्ञा सूत्रों में है, साधुओं के लिये कथन करनेमें सूत्रकार व टीकाकारों में कमी नहीं की है. साधु

शब्दही इतनी महत्त्वता वाला है, कि सुनते ही भव्यात्मा को प्रेम उत्पन्न हो जाता है, और साधु, यनि निग्रन्थ, मुनि, संयमि, संत, आदि एकार्थी पर्याय वाचक शब्द हैं, और एसेही क्रिया पात्रों को आज्ञा पालन करने में शंका नही होती, बाकी यूं तो साधु संज्ञाके आचार पांच प्रकार बताये हैं. उनका विवरण प्रसंगोपात करना हितकर है।

प्रथम पुलाक, द्वितीय निग्रन्थ, त्रतिय स्नातक, चतुर्थ बकुश, और पंचम कुशील, इन पांच प्रकार के साधुओं में प्रथम, द्वितीय, और त्रतिय, प्रकार के साधु तो इस कालमें इधर होते ही नही हैं, अब रहे दो भेद, बकुश, और कुशील. यह दोनों, शासनमें विद्यमान रहेंगे। और इनही में से शासन रक्षक, और धुरंधर पंडित होंगे. इन दो प्रकार के साधुओं में से बकुश के लिये तत्वार्थ भाष्यकार श्रीमान् उमास्वाति वाचकजी महाराज क्या लिखते हैं देखिये—

प्रमाण ७

" बकुशो द्विविधः- उपकरणबकुशः शरीरबकुशश्च, तत्रोपकरणाभिष्वक्तचित्तो विविधविचित्रमहाधनोपकरणपरिग्रहयुक्तो बहुविशेषोपकरणाकांक्षायुक्तो नित्यं तत्प्रति-संस्कारसेवी भिक्षुरुपकरणबकुशो भवति, शरीराभिष्वक्तचित्तो विभूषार्थं तत्प्रतिसंस्कारसेवी शरीरबकुशः।

भावार्थ, श्रीमान वाचकजी माहाराज का कथन है कि बकुश दो प्रकार के होते हैं, (१) उपकरण बकुश, और (२) शरीर बकुश, इन दो तरह के बकुश में उपकरण बकुश उसको कहते हैं कि, जिसको उपकरणादि विविध सामग्री में विशेष रागहो और वह अधिक मौल्यवान वस्तु ग्रहण करने की चेष्टा किया करे। किया करे इतना ही नहीं बहुधा विशेष और विशिष्ट प्रकार के उपकरण या संग्रह कर उनके संस्कार में याने समेटना, बांधना, आदि क्रिमिया में ही दत्तचित रहे एसे साधु व्यक्ति को उपकरण बकुश कहते हैं, और देहपर ममत्व किंवा राग रखने वाला, विशेष प्रकार शुश्रुषा रखता हो, शरीरकी कोमलता बनाकर तथा प्रकारकी योजना कायम रखनेको सन् पोषक पदार्थों द्वारा शरीर को बनाया करे एसे साधुओं को शरीर बकुश कहते हैं, एसा तत्त्वार्थ भष्य में सारांश है, और सच है, क्योंकि साधुओं को अपने आत्महित के लिये शरीर परसे मुर्च्छा त्याग करना लाभदाइ होता है, परिग्रहादि सामग्री भी विशेष रखने की आज्ञा नहीं है, मिथ्या वचन का तो निरंतर प्रतिबंध होता है। इस के अतिरिक्त बलात्कार से लिया हुवा मकान में या मालीक मकान की आज्ञा विना पंच महाव्रत धारी गण उस आवास में निवास नही कर सके, स्त्रियादि के परिचय वाले घरमें भी, साधु नही ठहर सके, गृहस्थ आदिको रात्रिमें दीवा-रोशनी, की सहायता से पाठ देना या स्वयं अध्ययन करना मना है, स्त्रियों के साथ प्रतिक्रमण करने की भी आज्ञा सूत्रकार भगवन की नहीं है। इतनी

ों में यदि साधु दूषित बनजावें तो बकुश पना नहीं रहता, किंतु
र वस्त्र ग्रहण करने में रंगदार वस्त्र धारण करने में बकुश पना
ता है, ऐसा इस प्रमाण से सिद्ध है। आगे इसी भाष्य
टीका में श्रीमान हरिभद्रसूरिश्वरजी महाराज फरमाते हैं कि—

प्रमाण ८

बकुशो द्विविधः, उपकरणशरीरभेदात्, तयोरुपकरण-बकुश उपकरणे वस्त्रपात्रादौ अभिष्वक्तचित्तः- प्रतिबद्ध-स्नेहः समुपजाततोषः विविध देशभेदेन वस्त्रं पौण्ड्रवर्धनक-काशीकुलकादि पात्रमपि पुरिकागन्धारकप्रतिग्रहकादि विचित्रं "रक्तपीतशीतबिन्दु" पट्टकादिप्रचितं महा-धनं महामूल्यं एवमादिना उपकरणेन युक्तो ममेदं अह-मस्य स्वामीत्युपजातमूर्च्छः पर्याप्तोपकरणोऽपि भूयो बहुविशेषोपकरणकांक्षायुक्तो, बहुः विशेषो यत्र मृदुदृढ-लक्षणघन निचित "रुचिरवर्णादिः" तादृशोपकरणे लब्धव्ये जातकांक्षो जाताभिलाषः सर्वदा च तस्योप-करणस्य प्रतिसंस्कारः प्राबल्येन दशाबन्धघटिकासंवेष्ट-नादिकं सेवमानस्तच्छीलः उपकरणबकुशः ॥

भावार्थ—बकुश दो तरह के, प्रथम उपकरण बकुश, द्वितीय
: बकुश, जिस में प्रथम श्रेणी वाले को वस्त्र पात्रादि में विशेष
ं होती है, और वह पौण्ड्र वर्धनक-काशी अथवा कुलकादिक

आदि स्थानों के पात्र रखने वाला व सुर्ख, पीला, और सफेद बिन्दु-पद्कादि युक्त शोभनीय अधिक मौलवान उपकरण रखने वाला होता है। और उसकी भावनाएं एसी होती है कि यह वस्त्र मेरा, यह उपकरण मेरा, मैं ही इस का मालिक हुं, इस प्रकार का ममत्व भाव और मूर्च्छा प्रपूर्ण वृत्ति वाला, और अपने पास सर्व उपकरण होते हुवेभी, कोमल, सुहावना, स्वपर को प्रियकारी, और मजबूत, पोतमें भी बारीक, निबिड घाडा और मनोहर वर्णादि वाला उपकरण लेने की जिसकी भावनाएं रहा करती हों, और उनकी स्थिती कायम रखने के लिये निरंतर समेटने बांधने आदि की चिन्ता में ही निमग्न रहता हो उस को शास्त्रकार महाराजा उपकरणबकुश कहते हैं, और ठीक है श्रीमान् हरिभद्र सूरीश्वरजी महाराज का विवेचन समाज को उपयोगी है, इसपरसे समझ सक्ते हैं कि जो साधु अनेक नाह के रंगवाला, बिन्दुवाला, पट्टावाला, वस्त्र अंगीकार करे तबभी वह पांच निर्यंठे में रहसक्ता है, और इस उद्देश को विशेष सिद्ध करने के लिये श्रीमान् सिद्धसेन सूरीश्वरजी भी स्वरचित टीकामें फरमाते हैं कि,

प्रमाण ९

बकुशो द्वेधा–उपकरणशरीरभेदात्, तत्र तयोरुपकरण-बकुशः उपकरणे–वस्त्रपात्रादौ अभिष्वक्तचित्तः- प्रतिबद्ध-स्नेहः समुपजाततोषः वस्त्रं विविधं देशभेदेन पौण्डुवर्धनक-

फाशीकुलकादि पात्रमपि पूरिका-गंधारकप्रतिग्रहकादि विचित्रं " रक्तपीतविन्दुसितपट्टकादिप्रचितं महाधनं महामूल्यं एवमादिना उपकरणपरिग्रहेण युक्तो ममेदं स्वमहमस्य स्वामीत्युपजातमूर्च्छः पर्याप्तोपकरणोऽपि भूयो बहुविशेषोपकरणकांक्षायुक्तः, बहु विशेषो यत्र मृदुदृढश्लक्ष्णघन-निचित " रुचिरवर्णादि " ताहस्युपकरणे लब्धव्ये जातकांक्षो-जाताभिलापः, सर्वदा च तस्योपकरणस्य प्रतिसंस्कार-प्रक्षालनदशाबंधघटिका-संवेष्टनादिकं सेवमानस्तच्छील उपकरणबकुशः ॥

उपरोक्त कथन का भावार्थ श्रीमान् हरिभद्रसूरिजी के कथन से मिलता झुलता है, आप फरमाते हैं कि रंगीन, चित्र, विचित्र, वर्ण के वस्त्र रखने वाले बकुश भी निर्ग्रन्थ गीने जाते हैं, इस से सावित होता है कि पूर्वाचार्यों के निर्माण किये हुवे वस्त्र परिवर्तन वाले याने रंगवाले वस्त्र रखना अनुचित तो नहीं है, किंतु शास्त्रवेत्ताओं ने जगह जगह आज्ञा दी है.

उत्तराध्ययन की बडी टीका जो " पाइ " टीका के नाम से प्रसिद्ध है, उसमें श्रीमान् वादिवेनालशांतिसूरिजी फरमाते हैं कि.

प्रमाण १०

उत्तराध्ययन पाइ टीका का पाठः क्षुल्लक ६ अध्ययन ।

उपकरणबकुशः शरीरबकुशश्च, वस्त्रोपकरणाभिष्वक्त-

चित्तो विविधविचित्रमहाधनोपकरणपरिग्रहयुक्तः विशेषयुक्तोपकरणाकाङ्क्षायुक्तो नित्यं तत्प्रतिकारसेवी भिक्षुरुपकरणबकुशो भवति, शरीराभिष्वक्तचित्तो विभूषार्थं तत्प्रतिकारसेवी शरीरबकुशः ॥

भावार्थ–बकुश दो प्रकार के, एक उपकरणबकुश दूसरा शरीरबकुश, देखिये पहला बकुश जो है वह उपकरण में राग वाला होता है, और जुदे जुदे देशों के बने हुवे, कयेक रंगवाले विशेष कीमती वस्त्र–उपकरण को रखता है और पास में होते हुवे भी ज्यादे उपकरण लेने की आकांक्षा वाला होता है, और नित्य प्रति उन उपकरण के संस्कार में दत्तचित्त रहता है, वह साधु उपकरण-बकुश कहलाता है।

श्रीमान् वादिवेताल शांतिसूरिजी के कथनानुसार कयेक रंग-वाला याने रंगीन वस्त्र धारण करने वाला हो तबभी वह साधु बकुश-की पंक्ति मे नीचे गीरा हुवा तो नहीं है, एसा स्पष्ट सिद्ध होता है.

इतना पढकर समझना चाहिये कि प्रमाण नम्बर ७।८।९।१० में जो बयान किया है वह उन साधुओं का है कि जो शरीर की शोभा के लिये नानाप्रकार के रंगवाले वस्त्र धारण करते हैं और ममत्व भाव युक्त जिनका संस्कारादि किया करते हैं, और कोमल मन मोहक सुहावने वस्त्र विशेष रुपमें संग्रह करने वाली भावना में मग्न रहते हैं, जिनको पूर्वाचार्यों ने बकुश की गीनती में बताये हैं.

तो जो साधु महात्मा शासनरक्षा के लिये, अथवा भक्तजन-मनुष्य-मनुष्यों को विशेष श्रद्धा स्थापित करने के लिये पूर्वाचार्यों के कथनानुसार रंग परिवर्त्तित वस्त्र धारण करे जिसमें क्या अतिशयोक्ति है? शास्त्रों में तो जगह जगह प्रतिपादित किया है, जितने प्रमाण चाहिये शास्त्रवेत्ता गण बता सक्ते हैं, मेरे जैसा पामर प्राणी क्षुद्रात्मा एसे विषय को स्पष्टतया और विशेष प्रमाणों सहित बताने से असमर्थ है, तथापि जो जो साहित्य तद्‌विषयक लब्ध हुआ है वह तो पाठकों के समक्ष रखना मेरा कर्तव्य है.

प्रमाणों की शास्त्रों में कमी नहीं है, तलाश करने वाला चाहिये, ज्यों ज्यों प्रयत्न होगा कुछ न कुछ मिलेहीगा, इसी विषय में श्रीभगवती सूत्र, व जीवसमास में भी बयान किया है कि—

प्रमाण ११

श्री भगवतीसूत्र शतक २५ उद्देश ५

बकुशो द्विविधो भवत्युपकरणशरीरभेदात्, तत्र वस्त्रपात्राद्युपकरणविभूषानुवर्तनशील उपकरणबकुशः

भावार्थ—उपकरण और शरीर के भेद से बकुश दो तरह के होते हैं, उनमें वस्त्र पात्रादिक उपकरणों की शोभा करने की आदत वाला उपकरण बकुश गिना जाता है ।

जीवसमासे प्रमाण १२

बकुशा अपि द्विधा, उपकरणबकुशः शरीरबकुशश्च, तत्र वस्त्रपात्राद्युपकरणस्य प्रक्षालनादिविभूपानुवर्तका उपकरणबकुशाः

भावार्थ—बकुशाभी दो प्रकार के हैं प्रथम उपकरणबकुश, और द्वितीय शरीरबकुश, उसमें वस्त्र पात्रादि उपकरण को धोने-साफ करने वाला और बारंबार उनका संस्कार करने वाला उपकरणबकुश गीना जाता है.

उपरोक्त पाठों से सिद्ध होता है कि विभूषायुक्त भावनाओं से लिया हुवा रंगीन वस्त्र बकुशपना उत्पन्न करता है. अन्यथा नहीं. और इसी सबब से श्रीमान वादिवेताल शांतिसूरीजी ने केशी गौतमीय अध्ययन की टीका में कहा है कि 'वस्त्र के रंग आदिकी प्रवर्ती होगी' इतनाही कहा, लेकिन बकुशपना नहीं बताया.

केशीगौतमीयअध्ययन.

प्रमाण १३

वर्धमानविनेयानां हि रक्तादिवस्त्रानुज्ञाने वक्रजडत्वेन वस्त्ररंजनादिषु प्रवृत्तिरतिदुर्निवारैव स्यादिति न तेन तदनुज्ञातं, पार्श्वशिष्यास्तु न तथेति रक्तादीनामपि (धर्मोपकरणत्वं) तेनानुज्ञातामिति भावः

भावार्थ—श्री वीतरागमा के शासन में उनके अनुरागी साधुओं को यदि रंगदार वस्त्र धारण करने की आज्ञा करने में आवे तो उनको वक्रजड़पना से वस्त्र रंगने आदि में प्रवर्ती विशेष करमें हो जाय अतएव भगवान श्री महावीर ने आज्ञा नहीं दी, तथापि श्रीपार्श्वनाथ भगवान ने रक्तादि रंगवाले वस्त्रों को धर्मोपकरण तरीके फरमाया, इस का मूल हेतु यह है कि उन में वक्रजड़ पना नहीं था, इस से स्पष्ट सिद्ध होता है कि, यदि रंगीन वस्त्र मात्र से ही संयम विराधक होता तो "वस्त्र रंगने आदि की प्रवर्ती होजाय" ऐसा क्यों फरमाते? और तेइस में भगवान ने जो आज्ञा दी वह देखते स्वतः सिद्ध होता है कि रंगीन वस्त्र काम में लेना चारित्र का घातक तो नहीं है, हां इतना जरूर है कि शरीरशोभा के लिये याने अपने अवयव विशेष सुंदर बनाने को किंवा शरीर ...
विशेष शोभास्पद मालूम करने के हेतु शृंगारभूत अपनी
विविध प्रकार के रंगीन वस्त्र धारण करे तो उसको बकुश
पड़ेगा, याने संयम का विराधक होगा, और यहभी स्मरण •
रंगीन वस्त्रही बकुशपना बताता होवे और श्वेत वस्त्र
गीना जाय ऐसा नहीं है, शास्त्रकार महाराज तो .
सिद्धकरते हैं कि चाहे श्वेत वस्त्र हो चाहे रंगीन हो -
शृंगार और शोभास्पद भावना से धारण किया है. तो
की कोटी में लाने वाला होगा, इस विषय में ...
ने भी फरमाया है ।

उत्तराध्ययनभाष्यं प्रमाण १४

सरीरे उवगरणे वा पाउसियत्तं दुहा समक्खायं । सुक्किल्ल वत्थाणि धरे देसे सव्वे सरीरम्मि ॥ १ ॥

भावार्थ—बकुशपना दो तरह का होता है एक शरीर से, दूसरा उपकरण से, जिनकी विशेष प्रवर्त्ती हो वोही उनका बकुश. इस में उपकरण बकुश उसको कहना चाहिये कि शरीर पर एक अंशसे या सर्वथा उपकरण श्वेत रक्खे याने वस्त्र श्वेत ही धारण करे.

पाठक! समझने जैसा विषय है, पक्षपात रहित हो सोचा जाय तो क्या यह आ [illegible] धारक साधु मात्र को सर्वथा प्रकार से बकुश की [illegible] ही है? नहीं. विषय को [illegible]

उत्तराध्ययनभाष्यं प्रमाण १४

सरीरे उवगरणे वा बाउसियत्तं दुहा समक्खायं। सुक्किल्ल वत्थाणि धरे देसे सव्वे सरीरम्मि ॥ १ ॥

भावार्थ—बकुशपना दो तरह का होता है एक शरीर से, दूसरा उपकरण से, जीसकी विशेष प्रवर्ती हो वोही उनका बकुश. इस में उपकरण बकुश उसको कहना चाहिये कि शरीर पर एक अंशसे या सर्वथा उपकरण श्वेत रक्खे याने वस्त्र श्वेत ही धारण करे.

पाठक! समझने जैसा विषय है, पक्षपात रहित हो सोचा जाय तो क्या यह आज्ञा सफेद वस्त्र धारक साधु मात्र को सर्वथा प्रकार से बकुश की गणनामें रखने वाली है? नहीं, विषय को पढ़ते समय विशेष प्रकार से बुद्धि पूर्वक समझना चाहिये, शरीर-शोभा के लिये ही सर्वथा श्वेत वस्त्र किंवा रंगीन अंगीकार करे तो दोनों प्रवर्ती बकुश संख्यामें दाखिल करदेती है, लेकिन चारित्र की रक्षा के लिये शासन की विशेष श्रद्धा स्थिर करने के हेतुभूत सम्यग्दृष्टी आत्माओं को लाभ होने के लिये यदि श्वेत-या रंगीन वस्त्र धारण किया जाय तो वह हानिकर नहीं होता, और यही सबब है कि शास्त्रकार महाराज जगह जगह खुलासा करते गये कि एसा न हो साधु वर्ग शरीर शोभा के लिये ही अनेक प्रकार की गति में प्रवर्त रहाकरें अतएव रंगीन वस्त्र अंगीकार करने में भी बकुशपना नहीं आता, और न श्वेत वस्त्र धारण करने में आता है।

भावार्थ—श्री वीरपरमात्मा के शासन में उनके अनुयायी साधुवर्ग को यदि रंगदार वस्त्र धारण करने की आज्ञा करने में आवे तो उनको वक्रजडपना से वस्त्र रंगने आदि में प्रवर्ती विशेष रूपमें हो जाय अतएव भगवान श्री महावीर ने आज्ञा नहीं दी, तथापि श्रीपार्श्वनाथ भगवान ने रक्तादि रंगवाले वस्त्रों को धर्मोपकरण तरीके फरमाया, इस का मूल हेतु यह है कि उन में वक्रजड पना नही था, इस से स्पष्ट सिद्ध होता है कि, यदि रंगीन वस्त्र मात्र से ही संयम विराधक होता तो "वस्त्र रंगने आदि की प्रवर्ती होजाय" एसा क्यों फरमाते? और तेइस में भगवान ने जो आज्ञा दी वह देखते स्वतः सिद्ध होता है कि रंगिन वस्त्र काम में लेना चारित्र का घातक तो नहीं है, हां इतना जरूर है कि शरीरशोभा के लिये याने अपने अवयव विशेष सुंदर बनाने को किंवा शरीर स्वपर को विशेष शोभास्पद मालूम करने के हेतु शृंगारभूत अपनी इच्छानुकूल विविध प्रकार के रंगीन वस्त्र धारण करे तो उसको बकुश कहना पडेगा, याने संयम का विराधक होगा, और यहभी स्मरण रखिये कि, रंगीन वस्त्रही बकुशपना बताता होवे और श्वेत वस्त्र आराधक ही गीना जाय ऐसा नहीं है, शास्त्रकार महाराज तो इस बात को सिद्धकरते हैं कि चाहे श्वेत वस्त्र हो चाहे रंगीन हो किन्तु शरीर शृंगार और शोभास्पद भावना से धारण किया है तो वह बकुश की कोटी में लाने वाला होगा, इस विषय में भाष्यकार महात्माओं ने भी फरमाया है।

उत्तराध्ययनभाष्यं प्रमाण १४

सरीरे उवगरणे या पाउसियत्तं दुहा समक्खायं । सुक्किह
वत्थाणि धरे देसे सव्वे सरीरम्मि ॥ १ ॥

भावार्थ—बकुशपना दो तरह का होता है एक शरीर से, दूसरा
उपकरण से, जीमकी विशेष प्रवर्ती हो वोही उनका बकुश. इस
में उपकरण बकुश उसको कहना चाहिये कि शरीर पर एक अंशमे
या सर्वथा उपकरण श्वेत रखने याने वस्त्र श्वेत ही धारण करे.

पाठक! समझने जैसा विषय है, पक्षपात रहित हो सोचा
जाय तो क्या यह आज्ञा सफेद वस्त्र धारक साधु मात्र को सर्वथा
प्रकार से बकुश की गणनामें रखने वाली है? नहीं, विषय को
पढते समय विशेष प्रकार से बुद्धि पूर्वक समझना चाहिये, शरीर-
शोभा के लिये ही सर्वथा श्वेत वस्त्र किंवा रंगीन अंगीकार करे तो
दोनों प्रवर्ती बकुश संख्यामें दाखिल करदेती है, लेकिन चारित्र की
रक्षा के लिये शासन की विशेष श्रद्धा स्थिर करने के हेतुभूत
सम्यग्दृष्टी आत्माओं को लाभ होने के लिये यदि श्वेत-या
रंगीन वस्त्र धारण किया जाय तो वह हानिकर नही होता, और यही
सबब है कि शास्त्रकार महाराज जगह जगह खुलासा करते गये
कि एसा न हो साधु वर्ग शरीर शोभा के लिये ही अनेक प्रकार की
[illegible]ति में प्रवर्त रहाकरें अतएव रंगीन वस्त्र अंगीकार करने में भी
[illegible]कुशपना नही आता, और न श्वेत वस्त्र धारण करने में आता

बकुशपना तो केवल शरीर को शृंगारने व उसके अवयव विशेष सुंदर मन मोहक बनाने की भावना में ही समाया हुवा है, और यह निर्णय ठीक है, क्योंकि रंगीन वस्त्रों में ही बकुशपना होता तो श्री अजीतनाथ आदि बाइस तीर्थंकरों के शिष्य गण क्यों नहीं बकुशपने में गीने गये ? इसका न्याय देखने बैठें तो यही निश्चय होगा कि उन महानुभावों ने बहु मौल्यवान--रंगीन वस्त्र शरीर शोभा के लिए नहीं रखे थे, किन्तु ऋजुप्राज्ञ होने से मौल्यवान वस्त्र संयमके साधन निमित्त अंगीकार किये थे, अब अपने हठवाद को ले बैठें और कुयुक्तियों द्वारा आज्ञा की हत्या करें तो इस में कोई क्या करसक्ता है ? इस विषयमें श्रीस्थानाङ्गसूत्र की टीका में श्रीमान अभयदेव सूरीश्वरजी महाराज ने फरमाया है कि.

प्रमाण १५

णाहिं उवकरणं पाउग्गियत्तं दुहा गणागणाणं । सुविहि
वत्थाणि धरे देह मज्झे गरीरम्मि ।

(स्थानाङ्ग पत्र ३३७ लाइन २१)

उपरोक्त प्रमाण का भावार्थ श्री उत्तराध्ययन की टीका में मिलता जुलता है, इस लिये मानना पड़ेगा कि मान वस्त्र मात्र में या रंगीन में ही नहीं किन्तु शरीर शोभा के लिये किसीभी मालका वस्त्र धारण करने में बकुशपना है, और यूं तो बारीक दृष्टि से देखने बैठें तो मान वस्त्र वगैरे की बिना अनुमान किया (पडिकमण) भी अनुयोगद्वारसूत्र में द्रव्यावश्यक गीनके बताइ है.

प्रमाण १६

" पंडुरपडपावरणा "

भावार्थ--जो साधु श्वेतवस्त्र पहिन कर नित्य प्रति उभय टंक अस्खलित विधिसे भी आवश्यक क्रिया करते हैं उसका आवश्यक द्रव्यआवश्यक गीना जाता है, और श्रीअनुयोगद्वारसूत्र की साक्षी से टीकाकार महाराजा श्री कोट्याचार्यजी भी विशेषावश्यक की टीका में श्वेतवस्त्र वाले का प्रतिक्रमण द्रव्यावश्यक होना फरमाते हैं [प्रमाण १७ विशेषावश्यकटीका] सरला होनेसे लिखा नहि.

उपरोक्त कथनानुसार प्रमाण नंबर १४-१५-१६ और १७ पढनें से सिद्ध होगा कि श्वेतवस्त्र पहिनना भी साधुओं को बकुश-अवस्था में ले जाता है, और रंगीन कपडा पहिनना भी बकुश कोटी में लेजाता है, तो अब करना क्या ? एसा टीकास्पद प्रश्न उपस्थित होता है, इसी का नाम स्याद्वाद. वस्तु अस्ति भी है और नास्तिभी है, अतएव यही निर्णय हुआ कि वस्त्र मात्र से बकुश पना नही, परंत्व भावना उपर इस का संपूर्ण आधार है। न कि कापडाका रंग पर। हां ममत्व भाव से जो वस्त्र चाहे श्वेत हो या रंगीन हो यह पहिना है वो बकुशपणा है। और चारित्र की रक्षा के लिये पहिना हैं तो वह उत्तम और प्रशंसनीय है। क्योंकि दुनिया साधु लिंग पर विश्वास करे और वह चारित्र को सुख पूर्वक वहन करे और उन के जैसा वेश देख साधु वर्ग की रक्षा हो इस के हेतु भूत वस्त्र-लग

निश्चय किया हुवा है । उसी पर आरूढ रहना आवश्यकिय है । इस के विशेष प्रमाण में श्री उत्तराध्ययन की टीका में बयान है—

प्रमाण नंबर (१८)

पच्चयत्थं च लोगस्स, नाणाविहविकप्पणं ।
जत्तत्थं गहणत्थं च, लोगे लिंगपओअणं ॥ १ ॥

भगवान् श्रीगौतमगणधर स्वामी फरमाते हैं कि लोगों के भरोसे के लिये तरह तरह के उपकरण रखने की आवश्यकता है, साधुलिंग एसा प्रमाणभूत होना चाहिये कि जिस से संयम यात्रा सुख पूर्वक निर्वाह हो जाय और जैसे लिंग वाले साधू पर विश्वास रहे, और वह लाभदाइ होता है, और होना ही चाहिये, देखिये! जिस समय अनाचार की वृद्धि हो जाय और दुनिया को साधु वेश पर से भरोसा उठ जाय, और जिस से संयमयात्रा सुख पूर्वक निर्वाह न हो, एसे समय उपकरण की तरह वर्ण की भी परावृति हो वह समयोचित ही मानी जाती है, इस विषय में टीकाकार महाराज शान्तिसूरिजी भी फरमाते हैं, देखिये—

प्रमाण (१९)

किञ्च-प्रत्यार्थं प्र-अमी व्रतिन इति प्रतीतिनिमित्तं, कस्य? लोकस्य, अन्यथा हि यथाभिरुचितं वेषमादाय पूजादिनिमित्तं विडम्बकादयोऽपि वयं व्रतिन इत्यभिदधीरन् । ततो व्रतिष्वपि न लोकस्य व्रतिन इति प्रतीतिः स्यात्, किं तदेवमित्याह

' नाना विधविकल्पनं ' प्रक्रमान्नानाप्रकारोपकरणपरिकल्प
नानाविधं हि वर्षाकल्पाद्युपकरणं यथावयतिप्त्वेव संभवतीि
कथं न तत् प्रत्ययहेतुः स्यात् ? तथा यात्रा संयमनिर्वाहम
दर्थं, विना हि वर्षाकल्पादिकं वृष्टयादौ संयमबाधैव स्यात्, गृहप
ज्ञानं तदर्थं च, कथञ्चिच्चित्तविप्लवोत्पत्तावपि गृहस्तु यथाऽ
व्रतीत्येतदर्थं लोके लिङ्गस्य-वेषधारणस्य प्रयोजनमितिप्रवचने
लिङ्गप्रयोजनं ।

भावार्थ–संसारी आत्मा देखने ही यह कह देवे कि यह सा
महात्मा है, इस तरह का विश्वास साधुवेश देखने ही होजाय एः
वेश-उपकरण साधु को रखना उचित है, क्योंकि जहां तक विहरव
वेश और साधु वेश में भिन्नता दृष्टि गोचर न होगी वहां तक साधु
नियमों का निर्वाह आनंद पूर्वक नहीं होसक्ता, इसी हेतु को लि
करने के लिये आज्ञा दी है कि वर्षाकल्पादि तरह तरह के उपकर
रक्खे, क्योंकि वर्षाकल्पादि उपकरण चारित्रपालन क्रिया में निपुण
इन्हीं महात्मा के पास होता है ऐसा विश्वास जनसमुदाय में स्थ
स्थित होरहे है, अतएव विश्वास तुल्य वेश पहिनना आवश्यकीय है

पाठक ! जगह जगह बयान आता है इसमें पुनरावृत्ति दो
आपकी दृष्टि में आता होगा, किन्तु मेरा साध्य बिन्दु केवल यही
कि "वस्त्रवर्णसिद्धी" विषय पर दृढ विश्वास बैठ जाय, इसी
पुनः पुनः पिष्ट पेषण होतो वह सत्य है। देखिये !
सूरिश्वरजी [illegible]

दिया है- आपका कथन है कि विडम्बकों के भेष से भिन्न प्रकार का वेश यदि साधु महात्माओं के न हो तो उन पर लोगों को साधुत्व का विश्वास नहीं बैठता, और विश्वास नहीं बैठने से संयम को पालना कठिन होजाता है, वास्ते पूर्वाचार्यों की सम्मति याने आज्ञा के मुवाफिक वेश रखना हितकर होता है।

हां, एक बात और याद आगइ कि जैनप्रतिमा यदि अन्य दर्शनवालों के हस्तगत है, तो अवंदनीय गीनी जाती है, इसी तरह वेश विडम्बको ने लिया हुवा साधु वेश भी अवंदनीय होजाता है, इसी कारण से जगत की चाल को देख आज्ञा में रह कर रंग परिवर्तन करना. बेजां नहीं है।

आप तलाश करें, किसी भी मूल सूत्र में साधू को श्वेत वस्त्र ही पहिनना एसा अंग, उपांग, छेद, मूल, या नंदी, अनुयोग में प्रमाण नहीं मिलेगा. लेकिन, आचारांग आदि के जो प्रमाण उपर बताये हैं उनमें यह रंगीनवस्त्रोंका विधान है। इसके अतिरिक्त बृहत्कल्प सूत्र के मूल पाठ में श्रीमान भद्रबाहु स्वामी महाराज ने फरमाया है कि—

प्रमाण (२०)

कप्पइ निग्गंथाण वा निग्गंथीण वा इमाइं पंचवत्थाइं धारित्तए वा परिहरित्तए वा, तंजहा--जंगिए भंगिए, साणए, पोत्तए तिरिडपट्टे नाम पंच मे ॥

(बृहत्कल्प उद्देशा २ सूत्र २९)

भावार्थः—साधु साध्वियों को पांच प्रकार के वस्त्र रखना

नीय है. प्रथम मो जंगिक का, दूसरा अनाभिका, तीसरा सणका
कपास का, पांचमा तिरिडपूभ का, एमा बयान है और इस
पर टीकाकार महाराज व भाष्यकार ने पांच प्रकार के वस्त्रों
मा विवेचन किया है सो देखियेः—

प्रमाण (२१)

जङ्गमेभ्यो जातं जंगिकं, तत् पुनर्विकलेन्द्रियनिष्पन्नं
न्द्रियनिष्पन्नं वा, अनयोर्मध्ये एकैकमपि विभागेन चिन्त्य-
अनेकविधं भवति, तद्यथा-" पट्टसुवन्ने मलए अंसुगचीणं-
य विगलेंदी । उण्णोट्टियमियलोमे कुतवे किट्टे त पंचेंदी
॥ पट्टाति पट्टसूत्रजं सुवर्णवर्ण सूत्रं केषांचित् कृमीनां
तन्निष्पन्नं सुवर्णसूत्रजं, मलयो नाम देशःतत्संभवं मल-
अंशुक-श्लक्ष्णपट्टकः तन्निष्पन्नं अंशुकं चीनांशुको नाम
कोशाख्यः कृमिः तस्माज्जातं चीनांशुकं, यद्वा चीनो नाम
ः तत्र य श्लक्ष्णतरः पट्टः तस्माज्जातं चीनांशुकं, एतानि
न्द्रियनिष्पन्नानि, तथा उर्णिकमौष्ट्रिकं मृगरोमजं चेति
नि कुतपो जीर्णं किट्टं तेषामेवोर्णरोमादीनां अवयवा त-
ं वस्त्रमपि किट्टं, एतानि पंचेन्द्रियनिष्पन्नानि द्रष्टव्यानि,
भाङ्गिकादीनि चत्वार्यपि एकगाथया व्याचष्टे-अतसी
दीयं भंगियं साणियं च सणवके । पोत्तय कप्पासमयं
लमा तिरिडपट्टो ॥ २ ॥

अतसीमयं वा वंसित्ति वंशकरीलस्य मध्याद्यन्निष्पद्यते तद्वा एवमादिकं भाङ्गिकं, यत् पुनः सनवृक्षवल्कात् जातं तद्वस्त्रं सानकं पोतकं कर्पासमयं तिरीट वृक्षवल्काज्जातं तिरीटपट्टकम् । बृहत्०

भावार्थः—त्रसजीवों से पैदा होने वाला जो कि अवयव आदि से उत्पन्न होता है। यह जांगमिक (जंगिक) और अतसीका बना हुआ भांगिक, सण का बना हुआ सानक, रूई का बनाया हुआ कार्पासिक और तिरीड का छाल का बनाहुआ तिरीड इस तरह पांच प्रकार के वस्त्र लेना और पहिनना पांच महाव्रतधारी साधु साध्वियों को कल्पनीय है। जिसकी व्याख्या भाष्यकार महाराज विस्तार से फरमा गये हैं, कि विकलेन्द्रिय और पंचेन्द्रिय से बनाहुआ वस्त्र अनेक तरह का होता है, जैसे पट्टसूत्र से बना हो वह पट्टवस्त्र, सुनहरी रंग के सूत्र से बना हुआ कपड़ा सुवर्ण, मलय देशमें बना हुआ मलयज, बारीक पट्टक से बना हुआ अंशुक, कोशिश से बना हुआ चीनांशुक या चीनदेश में बारीक सूत का बना हुआ चीनांशुक, ऐसे कपड़े की व्याख्या बताते हुये ऊंट के लोम का अथवा हरिण के लोम का जो पंचेन्द्रिय से बनते हैं, इस तरह वंश करील से बना हुआ भाङ्गिक, सण वस्त्र का सानक, कपास का पोत व तिरीड छाल का बनाया हुआ तिरीड पट्टक।

महानुभाव! ऊपर के पाठ से स्पष्ट सिद्ध होता है कि सुवर्ण-रंगके सूतसे बना हुआ कपड़ा जिसको सुवर्णपट्टक कहते हैं, वह

साधु साध्वियों को ओढना पहिनना कल्पनीय हैं। इसकी स्पष्टता में श्रीमान् गणधर महाराज श्रीठाणांग सूत्रमें और अभयदेवसूरीश्वरजी महाराज टीका में स्पष्ट करमा गये हैं, देखिये—

प्रमाण २२ स्थानाङ्ग सूत्र.

कप्पन्ति निग्गंथाण वा णिग्गंथीण वा पंच वत्थाइं धारित्तए वा, परिहरेत्तए वा, तंजहा जंगिए, भंगिए, साणए, पोत्तए, तिरीडपट्टए णामं पंचमए.

प्रमाण २३ स्थानांग टीका.

कप्पंतीत्यादि कण्ठ्यं, नवरं कल्पन्ते-युज्यन्ते धारयितुं परिग्रहे परिहर्तु आसेवितुमिति, अथवा 'धारणया उवभोगो परिहरणा होइ परिभोगो' त्ति, 'जंगिये' त्ति जंगमाः त्रसास्तदवयवनिष्पन्नं जांगमिकं कम्बलादि 'भंगिए' त्ति भंगा- अतसी तन्मयं भांगिकं 'साणए' त्ति सणसूत्रमयं सानकं 'पोत्तए' त्ति पोतमेव पोतकं कार्पासिकं 'तिरीडपट्टे 'त्ति वृक्षत्वङ्मय मिति' इह गाथा 'जंगमजायं जंगिय तं पुण विगलिंदियं च पंचिंदी। एक्केक्कंपिय इत्तो होइ विभागेणऽणेगविहं ॥ १ ॥ पट्टसुवन्ने मलए अंसुय चीणंसुए य विगलिंदी। उण्णोट्टिय मियलोमे कुतवे किट्टिय पंचिंदी ॥ २ ॥ पट्टः प्रतीतः सुवर्ण-सुवर्णवर्ण सूत्रं कृमिकाणां 'मलयं' मलयविषय एव अंशुकं श्लक्ष्णपट्टकः चीनांशुकं कोशीकारः चीनविषये वायद् भवति श्लक्ष्णात् पट्टादिति, मृगरोमजं-शश-

लोमजं मूषकरोमजं वा कुतपश्छागलं किट्टिजमेतेषामेव अवयवनिष्पन्नमिति । अयसीवंसीमाइय मंगियं साणयं तु सणचक्का । पोतं कप्पासमयं तिरीडरुक्खा तिरिडपट्टो ॥ १ ॥

भावार्थ—श्रीमान् गणधर महाराज श्री स्थानाङ्ग सूत्र में फरमाते हैं कि साधु और साध्वियों को पांच प्रकार के वस्त्र रखना पहिनना कल्पता है । उन पांचों प्रकार का वर्णन इस तरह बताया गया है ।

(१) जंगमिक (२) भङ्गिक (३) माणक (४) पोतक (५) और तिरीडपट्टक । इस तरह मूलसूत्र में पांच प्रकार के वस्त्र धारण करने की आज्ञा है । इस से समझ में आ जायगा कि यदि श्वेत सिवाय अन्य रंग के वस्त्र जैसा कि शास्त्रों में कथन है । वे पहिनने से यदि चारित्र चला जाता होता तो गणधर महाराज एसी आज्ञा क्यों देते ? और टीकाकार श्रीमान अभयदेवसूरीश्वरजी महाराज भी उक्तकथन का समर्थन करते हुवे फरमाते हैं कि धारन करने के लिये किंवा वापरनेके काम के लिये, एक वख्त या कइ वख्त याने पुनः पुनः उपयोग में लाने के लिये जंगमिकादि वस्त्र कल्पते हैं । और इस कथन के अनुसार प्रवृत्ति भी होरही है । याने त्रस के शरीर की रोमराय से बना हुआ कामली वगैरह काम में लाइ जाती है । इसी तरह अतसी से बना हुवा भांगिक, सण से उत्पन्न हुआ हो वह माणक कपास से तैयार हुवा हो यह पोतक और वृक्ष की छाल से तैयार होता है वह तिरीडपट्टक । यह

सिंदूरवहूक कृमी की लाल से बनता है और उसका स्वाभाविक रंग लाल में मिलता जुलता होता है सो वह वस्त्र लाल रंग जैसा दिखता है। उसको रखने की भी आज्ञा दी है, और इसी तरह वृक्षों का बना हुआ कपड़ा रखने की आज्ञा "कृमिजं" और भाष्य में भी दी गई है, जिसका विवरण पहले लिखा गया है। और विशेष में टीकाकार महाराजा फरमाते हैं कि सुवर्णसूत्र से बना हुवा वस्त्र, वैसे ही मूषक के रोम से बने हुवे वस्त्र इत्यादि लेने का कहा है। इस से सिद्ध हुआ कि ऐसे वस्त्र लेकर काम में लेने की साधुओं को संभावना तो नहीं है। तथापि इतना लाभ है कि इन वस्त्रों में मुख्यतया रहे हुये मतलब को भी समझ लेवे। इस के लिये टीकाकार कहते हैं कि—

प्रमाण (२४)

इह पंचविधं वस्त्रं प्ररूपितमप्युत्सर्गतः कार्पासिकौर्णिके एव ग्राह्ये यदुक्तं "कप्पासिउ दोन्नि उन्निय एक्को य परिभोगो" इति। कप्पासियस्स असई वागयपट्टो य कोसियारो य असईय उन्नियस्सा वागय कोसिअपट्टो य॥ १॥

भावार्थ—इस जगह पर पांच प्रकार का वस्त्र लेने की प्ररूपणा की तथापि उत्सर्ग से कपास और ऊन का ही लेना फरमाया है। और इसका खुलासा करने के लिये कहा है कि सूत के बने हुवे और ऊनका बना हुआ एक कपड़ा काम में लाना ऐसी आज्ञा है। लेकिन सूत के सिवाय सौ धुलाई का लेने दिये जाते हैं। अथवा
[illegible]

रेशमी भी ले सक्ते हैं। और ऊन का कपड़ा भी न मिले तो छाल व
रेशम का लेना ऐसा बयान है। इसी तरह भाष्य में लिखा है कि-

प्रमाण (२५)

कप्पासियस्स असती वागयपट्टय कोसियारं य। असती य
उण्णियस्सा वागय कोसेज्जपट्टय ॥ १ ॥ कार्पासिकस्याभावे
वल्कजं तस्याभावे पट्टवस्त्रं तदप्राप्तौ कौशिकारवस्त्रमपिग्रहीतव्यं
अथौर्णिकं न प्राप्यते तदा और्णिकस्य स्थाने प्रथमं वल्कजं ततः
कौशेयं ततः पट्टजमपि ग्राह्यं, यद्वा पट्टशब्देनात्र तिरीट-
पट्टकमुच्यते, चशब्दा दतसीवंशीमयमपि ग्रहीतव्यं ॥

भावार्थः—कपासका वस्त्र नहीं होवे तो छालका या रेशमी
वस्त्र लेवे। यदि ऊनका भी न मिले तो छालका या रेशमका वस्त्र
ले सक्ते हैं। टीकाकारमहाराजने जो समर्थन किया है वह निरादर-
णीय तो नहीं हो सक्ता, सविस्तर और स्पष्ट आज्ञा है कि सूत के व
ऊनके न मिले तो छालके या रेशमके लेना चाहिये। और पट्टक
भी लेने की आज्ञा है, किन्तु पट्टशब्द से जांगमिक पट्ट नहीं
लेते तिरीडपट्ट का वस्त्र लेना और अतसी वंशी वगैरह का भी लेना
कल्पता है।

उपरोक्त कथनसे सूत और ऊनके सिवाय जो वस्त्र लेनेके
हैं वह अपवादसे समझना, या क्यों कर? ऐसी शंका उपस्थित हो
सक्ती है। लेकिन यह कथन इस लिये है कि, अपवादसे भी
रंगीन वस्त्र साधुको रखना उचित नहीं है, ऐसा जिनका कथन है,

उनके लिये ही यह प्रयत्न है। क्योंकि संवेगी साधु जो वर्णवाले वस्त्र काममें लेते हैं। उनकी भी मान्यता यह नहीं होती और न वे महानुभाव ऐसा कहते हैं कि उत्सर्गसे रंगीन वस्त्र ही हैं। उनका स्पष्ट कथन यह है कि जिस समय सफेदकपड़ेवालोंमें चारित्रदूषण आने लगा तब विचार कर शास्त्रकी आज्ञानुसार वस्त्रमेंसे रंग परिवर्तित किया। और ठीक भी है। जब कि समाजको पक्षपात इसलिये चारित्रदूषणमें असमानता प्रतीत होने लगा हो. उस समयमें जो विचारज्ञ थे वे यदि न सोचते तो वर्तमान दशा साधु आचार विषयक भयानक होजाती, और ये तरवश गुरुदृष्टी गोचर नहीं होते। इनके बजाय ईर्ष्यापात्र और आनंद उठाने वाले गुरुसमाजका बल बढ़ता चला जाता। आजकी दशा भी ऐसी हो रही है कि यति महाराजोंसे कितनेक देवद्रव्यको भक्षण करना अपना कर्तव्य मानते हैं। और वेष में किंचित् मात्रभी भेद नहीं होता तो श्रावकजीयोंको परीक्षा करना याद नहीं होता और वे उनकी जैनशासनसे विपरीत क्रियाएं देख भ्रममें पड़-जाते। भ्रम ऐसा भयंकर भूत है कि वह मनुष्यकी प्रकृति बिगाड़ बाद पुनः सुधारनेमें बड़ा परिश्रम बनाता है। क्योंकि भ्रमसे भूल पैदा होती है, और भूल मार्ग से हटा देती है, इसका परिणाम अतिविषम आता है। क्योंकि मार्गसे श्रद्धावंत आत्मा विशुद्ध हो जाय वह तो कदापि रास्ते पर आजाता है। किन्तु जड़वादी, हठवादी प्राणियोंको वापिस सुमार्ग पर लाना कठिनसा प्रतीत होता

प्रमाण २६

अथ प्रमादादपहृता न मार्गयति न वा धौतरक्तादिकम- संयतप्रायोग्यमितिकृत्वा गृह्णाति तत्पतुर्लघवः ॥ ९० ॥

भावार्थ—जो महानुभाव प्रमादादि—आलस्यमें रह कर अपने कर्तव्यको भूल जाते हैं। अपनी आत्मा के हितार्थ जो अपने पास उपकरण रखने गए हैं उनको न मांगे तो पारलघु प्रायश्चित आते हैं. वस्त्र धोया या रंगा हुआ है-होने से असंयत योग्य है ऐसा जानकर न लेवे तो चारलघु प्रायश्चित् आता है।

पाठक ! देखो शास्त्रों की आज्ञा, तलाश करते धोया हुआ और रंगा हुवा वस्त्र मिला तथापि असंयतयोग्य मान कर न लेवे तो चारलघुमें दूषित बनता है. इस पाठ से क्या सिद्ध होता है सो आप स्वयं विचार कर लें।

प्रमाण (२७)

पंचण्हं वत्थाणं परिवाडीगाए होति गहणं तु। उप्परिवाडी गहणे पच्छित्ते मग्गणा होइ ॥ १ ॥

प्रमाण (२८)

टीका—पञ्चानां जाङ्गिकादीनां वस्त्राणां परिपाट्या ग्रहणं कर्तव्यं, परिपाटी नाम पूर्वं कार्पासिकं और्णिकं च, तदभावे वल्क- पट्टजादिकमित्यादिरनन्तरोक्तः क्रमः, तामुल्लङ्घ्य उत्परि- पाट्या ग्रहणे प्रायश्चित्तस्य मार्गणा भवति।

भावार्थः—साधु साध्वियोंको वस्त्र ग्रहण करने की विधि बताते हैं, कि जंगिमादिक पांच प्रकार के वस्त्रों का अनुक्रमसे ग्रहण होता है। और जो अनुक्रम सिवाय ग्रहण करते हैं उनको प्रायश्चित आता है। इसका समर्थन करते टीकाकार फरमाते हैं कि जंगिकादिक पांच प्रकार के वस्त्रों का ग्रहण उपरोक्त परिपाटी से होता है। जैसे प्रथम कपास का पीछे ऊनका बाद, में वल्क पट्टक आदि जो उपर कथन किया गया है तदनुसार अनुक्रम से लेवे, अन्यथा दूषित बनना पड़ता है।

इस कथन से सिद्ध हुआ कि [illegible] वस्त्र लेना कल्पनीय है। लेकिन जो महानुभाव अपवाद [illegible] भी लेना [illegible] निषेध करते हैं उनको चाहिये कि इस शास्त्रपाठका मनन करें और हठवाद को छोड़ें। शास्त्रकारोंने तो इसको [illegible] स्पष्ट करनेमें बाकी नहीं रक्खी. वे जानते थे कि भविष्य की अटपटी संतानको समझाने में कठिनाइयां न होवें, एसे उपदेश आदेश स्पष्ट बतला गये हैं। फिर भी देखिये ! कि—

प्रमाण (२९)

दुविहं च मायकसिणं पमाणजुत्तं चेव होति मोल्लजुयं। पमाणजुयं पंचविहं तिविहं पुण होइ मुल्लजुतं ॥ २ ॥

प्रमाण (३०)

द्विविधं च भावकृत्स्नं, तद्यथा—वर्णयुतं मूल्ययुतंच वर्णतो मूल्यतश्चेत्यर्थः, तत्र वर्णयुतं पंचविधं कृष्णादिवर्णभेदात् पंचप्रकारं, मूल्ययुतं पुनस्त्रिविधं जघन्यादिभेदात् त्रिप्रकारं ॥

भावार्थः—भावकृत्स्न वस्त्र दो तरह के होते हैं। एकतो रंगीन-पांच प्रकार के रंग वाला। और दूसरा, मौल्यवाला, जो तीन प्रकार का बताया गया है। जिसका विवरण करते टीकाकार आचार्य भी लिखते हैं कि, भावकृत्स्नके दो भेद हैं। एक तो पांचप्रकारसे रंगीन, और दूसरा मूल्यसहित, मूल्यवाला वस्त्र, कृष्णादि पांच वर्ण वाला वर्णकृत्स्न। और जघन्यादिभेद से तीन प्रकार का मूल्य युक्त मूल्यकृत्स्न कहा जाता है।

पाठक ! समझमें आया होगा कि वस्त्रों के पांच वर्ण बताये गये. जिसमें सफेद कपड़ा भी शामिल आ जाता है। तो इन पांचों वर्ण में से केवल श्वेत वस्त्र का ही आग्रह करना और अन्यवस्त्रों के लिये वितंडावाद [illegible] शांतिसूचक नहीं है। क्योंकि वर्णवाले वस्त्र रखनेके लिये भाष्यकार महाराज भी आज्ञा देते हैं—

प्रमाण (३१)

अथ कालकृत्स्नमपवदति—नीलकंबलमादी उ उण्णियं होंति अच्छियं। सिसिरे तंपि धारिज्जा, सीतं णण्णेण रुम्मति॥ १ ॥

उन्माद्यंवा-जुगुप्सां मन्यते ततस्ततः स्थूलैर्पादिद्याप्यभावितः तावत्तस्य भावकृत्स्नं अनुज्ञातं ॥

भावार्थः—श्रीमान् भाष्यकार महाराज " भावकृत्स्न वस्त्र कामर्मे लाने की आज्ञा देते हैं-" तद्भावितपद " की व्याख्या करते हैं कि कठोरवस्त्रसें निद्रा न आती हो, दिनमें उद्वेग रहता हो, और अपने को हलकापन मालूम हो, जबतक भावित न हो जाय तबतक एसे महानुभावको भावकृत्स्न वस्त्र वापरने की आज्ञा है। लेकिन जो महानुभाव रंगकी अपेक्षा लेकर वर्णवाले वस्त्र का त्याग करतेहैं वेही कोमलवस्त्र (भावकृत्स्न) को अंगीकार करतेहैं यह उनेही विचारने योग्य है। वे चाहे किसी तरह से अपनी प्रवर्ती रक्खें, शास्त्रकार तो स्पष्ट शब्दोंमें वर्णवाला वस्त्र लेने का भी फरमाते हैं। इसी विषयक " बृहत्कल्पवृत्ति में " कहा है कि—

प्रमाण [३५]

कस्यापि साधोरतर्कितं कालगमनं भवेत्। तस्य आच्छादनार्थं भावकृत्स्नं वर्णाढ्यं वस्त्रं प्रागेव गृहीतव्यं ॥

भावार्थः—किसी भी साधुकी अचानक मृत्यु होजाय एसा संभव मालूम हो जावे तो उस साधुको [illegible]
ओढाने को अच्छा [illegible] पहले से ही [illegible]

प्रमाण (३९)

देशीग्लानयावदवग्रहद्वारेषु यदेव द्रव्यकृत्स्ने द्वितीयं पदमुक्तं तद् भावकृत्स्नेऽपि वर्णाढ्ये बहुमूल्ये वा वस्त्रे मन्तव्यं, नवरं तत्र पुनः सदशमदशं वा भवेत्, उभयमपि अपवादपदे ग्राह्यमिति भावः

भावार्थ—द्रव्यकृत्स्नमें जैसा देशी, ग्लान और यावोग्गह यह तीन द्वार कहेहैं वैसेही भावमें लेना। देशी ग्लान और याव-दवग्रहद्वारमें द्रव्यकृत्स्नमें जो अपवाद कहाहै उसी तरह रंगीन और बहुमूल्यवस्त्ररूप भावकृत्स्नमें समझना चाहिये, लेकिन वह वस्त्र दशावाला हो या दशारहित हो, दोनो ही तरह का अपवाद पद-में लिया जाता है। इस भावार्थमें देशीशब्दसे अपवाद बताकर रंगीन वस्त्र अंगीकार करने की स्पष्ट आज्ञा दी है उस "देशी-" शब्दकी शास्त्रकार महाराज क्या व्याख्या करते हैं सो ध्यान पूर्वक पढियेगा।

प्रमाण ४०

देशीपदं व्याख्यानयति-न पारदोषा गारिहा व लोए, धूणाइ-एसुं विहरेज्ज एवं। भोगादरिसारमहायिभूसा कप्पेज्जमिवेव दमा उ तन्या ॥ १ ॥

प्रमाण [३६]

अथ भावकृत्स्ने द्वितीयं पदमाह-देसी गिलाणमा
गाहो य भावम्मि होति बितियपदं । तब्भाविते य तत्तो आमा
उवग्गहट्ठं वा ॥ १ ॥

प्रमाण [३७]

देशी ग्लान यावद् अवग्रहविषयं भावकृत्स्ने द्वितीयं प
भवति, ततः-तदनन्तरं तैर्भावकृत्स्नैः गृहवासे भावितस्तद्भा
वितस्तद्विषयं द्वितीयं पदं, सोऽपि भावकृत्स्नानि परिभुंजीत
त्यर्थः, अवमौदर्यादिषु गच्छस्य उपग्रहार्थ तानि धार्येदि
संग्रहगाथासमासार्थः ॥

भावार्थः--भावकृत्स्न याने मूल्य और रंगवाले वस्त्र के लि
अपवाद कहते हैं। देशी, ग्लान, यावदवग्रह, इतनेमें दूसरा प
भावकृत्स्न के विषय में है, इसी तरह रंगीन और बहुमूल्य से गृह
स्थपनामें भाविक होवे वो भी भावकृत्स्नवस्त्रको काममें ले सक्ता है
अब उनोदरी वगैरह के लिये गच्छ के उपकार के वास्ते धारण क
जिसका विवेचन करते हैं।

प्रमाण ३८

अर्थनामेव विवृणोति-देसीगिलाणजायोग्गहो उ दव्व कसि
णं तु जं वुत्तं। तह चेव होति भावे त पुण सदसं अदसं वा ॥ १ ॥

प्रमाण (३९)

देशीग्लानयावदर्थग्रहद्वारेषु यथैव द्रव्यकृत्स्ने द्वितीयं पदमुक्तं तथा भावकृत्स्नेऽपि वर्णाढ्ये बहुमूल्ये वा वस्त्रे मन्तव्यं, तत्र तत्र पुनः सदशमदशं वा भवेत्, उभयमपि अपवादपदे ग्राह्यमिति भाव

भावार्थ—द्रव्यकृत्स्नमें जैसा देशी, ग्लान और यावदर्थग्रह [illegible] कहा है वैसेही भावमें लेना। देशी ग्लान और यावदर्थग्रहमें द्रव्यकृत्स्नमें जो अपवाद कहा है उसी तरह रंगीन और बहुमूल्यवस्त्ररूप भावकृत्स्नमें समझना चाहिये, लेकिन वह वस्त्र [illegible] हो या दशारहित हो, दोनो ही तरह का अपवाद पद [illegible] जाता है। इस भावार्थमें देशीशब्दसे अपवाद बताकर [illegible] वस्त्र अंगीकार करने की स्पष्ट आज्ञा दी है उस " देशी- " [illegible] शास्त्रकार महाराज क्या व्याख्या करते हैं सो ध्यान पूर्वक पढ़ियेगा।

प्रमाण ४०

देशीपदं व्याख्यानयति–न पारदोषा परिहाय लोए, धुणाइ-पमु विहरेज्ज एवं । भोगाइरित्तारमडाविभूसा कप्पेज्जमिवेय दसा उ तन्था ॥ १ ॥

प्रमाण ४१

पारदोचत्ति चौरभयं तद् यत्र नास्ति यत्र च तथाविधे
प्राव्रियमाणे लोके गर्हा नोपजायते तत्र स्थूणादिविषये
कृत्स्नमपि वस्त्रं प्रावृत्य विहरेत्, परं तस्य दशा छेत्तव्या,
इत्याह-' भोग ' त्ति तासां दशानां शुपिरतया परिभोगः
कल्पते, अतिरिक्तश्चोपधिर्भवति, प्रत्युपेक्षमाणे च दीर्घ
आरभडदोषाः विभूषा च सदशाके वस्त्रे प्राव्रियमाणे
इत्येवमेभिः कारणैस्तत्र वस्त्रे दशाः कल्पयेत्-छिन्द्यात्
तो न छिन्द्यात् ।

भावार्थः—जिस स्थान पर चोर का भय नहीं है
जगह कृत्स्न वस्त्र पहिरनेमें लोकिक निंदा नहीं होती है
में अर्थात् स्थूणा आदि देशों में ऐसे वस्त्र पहिनकर विच
कारोंने " कृत्स्न " शब्द का अर्थ रंगीन और बहुमू
बतादिया है, उसका पाठक महाराय को ध्यान रख
क्योंकि इस शब्द पर इन प्रमाणों का बहुतसा आधार

इस आज्ञा का यह मतलब है कि जिस जगह
हो या लौकिक व्यवहार में लज्जा होती हो ऐसे
वस्त्र नहीं पहिनना चाहिये, तो विचारने जैसी बात
रंग परिवर्तन करनेमें कौनसा चौरादिका डर

का भय है, जब कि ऐसे वस्त्रों में लिन्द्रात्मक नहीं बनते हैं तो वह पहिनने में भी दोषित नहीं हो सके। इसी तरह क्षेत्रविषयक भी वस्त्र संबंध इस तरह फरमाया है।

प्रमाण ४२

अथ क्षेत्रकृत्स्नमपवदति-नेपालतामलित्तीय, सिंधुसोवीरमाईसु सव्वलोकोवभोज्जाइं, धरिज्जा कसिणाइंवि ॥ १ ॥

प्रमाण ४३

नेपालविषये ताम्रलिप्तिनगर्यां सिन्धुसौवीरादिषु च विषयेषु सर्वलोकोपभोग्यानि कृत्स्नान्यपि वस्त्राणि धारयेत्

भावार्थः—नेपाल ताम्रलिप्ति नगरी सिन्धु सौवीर आदि में सबलोगों का ग्रहण करने लायक ऐसे जो कृत्स्नवस्त्र (रंगीन) वह धारण करना, ऐसा भावार्थ दोनों प्रमाणों का है। लेकिन शंका होना संभव है कि नेपालादि देशों में ही ऐसे वस्त्र धारने की आज्ञा क्यों है? इस शंकाका समाधान भाष्यकार महाराज करते हैं। जिसके लिये भाष्य और टीका पढिये।

प्रमाण ४४

प्रमाण ४५

नेपालादौ देशे सर्वलोकेनापि नाद्यवस्त्राणां आचीर्णता नच तत्र चौरादिभयं, नैवच गौरवं अहमीदृशानि वस्त्राणि प्रावृणो-मीत्येवंलक्षणम् अपि च 'उज्झापितं' विरूपं यद्वस्त्रं तद्वान् सिन्धु-सौवीरादिषु गर्हितो भवति, अतस्तत्र कृत्स्नान्यपि परिभोक्त-व्यानि।

भावार्थ—नेपालादि देशों में सर्व मनुष्य रंगीन वस्त्र पहिनते हैं और वहांपर ऐसे वस्त्र पहिननेमे चोरादि का भय नहीं है। और न इस विषय का अभिमान होता है कि मैं ऐसे उत्तम रंगीन वस्त्र पहिनता हूं, इस लिये अथवा अन्य प्रकार का अयोग्य वस्त्र पहिनने [illegible] उन देशों में याने सिन्धुसौवीरादि में निन्दा होती है। इस लि[illegible] आदिक देशों में कृत्स्न (रंगीन) वस्त्र पहिनने की आज्ञा दी [illegible]

हे महानुभाव! इस अनुपम आज्ञा के भावार्थ को मनन [illegible] सत्यासत्य का निर्णय करना चाहिये, क्योंकि भाष्यकार और टीका[illegible] महाराजश्री स्पष्ट फरमाते हैं कि जिस जगह स्थान पर चोरोंका [illegible] न होवे न गौरव विशेष की भावना उत्पन्न हो और न निन्[illegible] गिने जावें ऐसे देशों में रंगीन वस्त्र पहिनना, क्योंकि जिस [illegible] जैसा वस्त्र प्रचलित हो वहीं साधु को संपादन होता है, अतएव [illegible] वस्त्र लेने में विराधक नहीं गिना जाता। इस आज्ञा को मन[illegible] बाद वर्तमान की परिस्थिती पर विचार किया जाय तो [illegible] वस्त्र किस रंग का प्रचलित है वह ऐसा बहु मूल्य [illegible]

मत्सरादि का भय पैदा हो, न ऐसे सामान्य धर्म से अहंभाव का भाव उत्पन्न होता है । और न संसार के मनुष्य-मनुष्य इस प्रथ के सर्वथा देख आश्चर्य करते हैं, ऐसी अवस्थामें पीले रंग का वस्त्र धारण करने में अतिशयोक्ति नहीं है । तथापि जो महानुभाव इस पर आक्षेप करते हैं उन्हें शान्तचित्त होकर जैनाचार्योंके कथनको समझना चाहिये। इस विषय को और भी स्पष्ट करते हुए —हमें आर्य शिवभूतिजी का उदाहरण याद आता है । इसके लिये भाष्यकार और टीकाकारने कहा है कि–

प्रमाण ४६

उवसामिओ नरिंदो कंबलरयणेहिं छंदए गच्छं । निब्बंधिएणगहणं सिवभूइणो पाउओ णोत्ति ॥ १ ॥ तेनालोगनिसिज्जा गंथे नेणागओ गुरुग्गहणं । दग्गिमणमपत्तियंते सिव्वावणया य गमणं ॥ २ ॥

प्रमाण ४७

स्वेनदृष्टान्तमाह—एगेणं आयरियेणं धम्मकहालद्धिसम्पन्नेणं राया उवसामिओ, सो सव्वं गच्छं कंबलरयणेहिं पडिलाभिउं उवट्ठियो, आयरियेणं मुल्लुयोसंति न गिण्हियंति, तहवि अइनिब्बंधे एगं गहियं, राया भणइ-पाउया इट्ठमग्गेण गच्छह, तहा कयं, (इत्यादि)

भावार्थ—धर्म पाया हुआ राजा सारे गच्छ के मुनिवर्यको रत्नकंबलसे प्रतिलाभता है । और राजा के अत्यंत आग्रह से

एक रत्नकंबल ग्रहण कर राजाके वचनसें उस रत्नकंबलको पहिन कर आचार्य महाराज बाजार में फिरने लगे, इस तरह फिरते रत्नकंबल सहित आचार्य महाराजको एक चोरने देखे और रत्नकंबलपर चोरका मन ललचाया। चोर इसी भावनामें लवलीन होगया कि किसी न किसी तरह रत्नकंबल लेना चहिये। इस तरह के विचार करते२ सायंकाल होगइ, और समय आनेपर मुनिराजने आसन कर निद्रा लेनेका इरादा किया। नींद आनेपर चोर आया और आतेही मुनिराजको पकडे, फाडदिया हुआ वस्त्र देखा और अप्रीति पैदा हुइ, इत्यादि वृत्तांत मनन करने योग्य है। क्योंकि रत्नकंबल जैसा वस्त्र तो विशेष मूल्य वाला होता है और एने वस्त्रको मुनिराजने लिया तथापि चारित्र नहीं चलागया। तो हे महानुभाव! सामान्य रंगीनवस्त्र जो चारित्ररक्षा और पहिचान के लिये काममें लिया जाता है, इस में संदेह करना वृथा है। पूर्वाचार्योंने तो इस विषयमें खुलासा करने बाकी नहीं रक्खा, लेकिन हमारेमें इसको समझनेकी बुद्धि चाहिये। शास्त्रकार महाराज ने मुनिराजोंके लिये जैसा धोनेमें दोष बताया है वैसाही रंगने में बताया है। तो वस्त्र धोनेका अंगीकार करने वालोंको रंगने में ही दोष बताना कहां तक ठीक है? इस विषय में कहा है कि—

प्रमाण ४८

विभूषानिमित्तं यथाप्राप्तं वस्त्रं प्रक्षालयति रजति, घृष्ट वा करोति पटखामादीनि वा वासयति, तदा चतुर्लघुकं।

भावार्थ—वस्त्रकी शोभाके लिये या अपनी शोभाके निमित्त वस्त्रको धोवे, रंगे, सुंहाला कोमल बनावे या पटवासादिक से वासित करे, ऐसी अवस्था में चतुर्लघुक प्रायश्चित्त होता है।

हे महानुभाव ! समझ में आ गया होगा कि जैसा शरीर-अंग की शोभाके लिये वस्त्र धोवे उसमें प्रायश्चित्त आता है वैसाही रंगने-में प्रायश्चित्त आना कहा है। अब जिस समुदायमें रंगीन वस्त्रसे सर्वथा घृणा की गई है उनको वस्त्रधोनेमें भी प्रायश्चित्त मानकर धोना भी न चाहिये। श्रीमान् भाष्यकार महाराजने भी धोना रंगना वगैरह में यही कहाहै कि—

भूसानिमित्तं खलु ते करेंति उग्घाइमा।

यानें शोभाके हेतुभूत धोना रंगना आदि करनेमें चतुर्लघु प्रायश्चित्त आता है। इस प्रमाणको देखते सिद्ध होताहै कि, शासनकी रक्षाके लिये रंगीन वस्त्र रखनेमें दूषित नहीं बनते, किंतु शरीर-शोभाके निमित्त रखनेसे दूषित होतेहैं। अब कपड़ा धोनेमें शोभाका विवरण भाष्यकार किस तरह बताते हैं सो देखियेगा.

प्रमाण ४९

किमर्थं पुनर्विभूषां आसेवते इत्याह-मलेण · घच्छं बहुणा उ वत्थं उज्झाइगोऽहंविमिणा भवामि। हं तस्स धोव्वाम्मि करेमि तत्ति, वरं न जोगो मलिणाण जोगो ॥ ३१२ ॥ इदं मदीयं वस्त्रं बहुमलेन प्रस्तम्-आपूरितं, अतोऽनेनाहं ' उज्झायो ' विरूपो

भवामि, यतश्चाहं विरूप उपलभ्ये ततस्तस्य वस्त्रस्य धौतव्ये तर्सिमर्हं करोमि, येन गोमूत्रादिना शुध्यति तदानयामित्यर्थः, कुत इत्याह-वरं मे वस्त्रेण सह न योगः, परं मलिनवस्त्रप्रावरणादप्रावरणमेव श्रेयः इतिभावः, कारणे तु वस्त्रं धावन्नपि शुद्धः, परः प्राह-ननु वस्त्रधावने विभूषा भवति, सा च साधूनां कर्त्तुं न कल्पते ' विभूसा इत्थिसंसग्गी ' इत्यादिवचनात्, सूरिराह कामं विभूसा खलु लोभदोसा, तहावि तं पाउणओ न दोसो । मा हीलणिज्जो इमिणा भविस्सं, पुव्विड्ढिमाई इय संजईवि ॥ ३१३ ॥
कामं-अनुमतं एतत् खलुः अवधारणे एषा विभूषा लोभदोष एव, तथापि तद्वस्त्रं शुचिभूतं कारणे कृत्वा प्रावृण्वतो न दोषः, कस्य इत्याह-पूर्वं राजादिक ऋद्धिमान् आसीत् स तादृशीं ऋद्धिं विहाय प्रव्रजितः सन् चिंतयति-मा अमुना मलाक्लिन्नवाससा अबुधजनस्य इहलोकप्रतिबद्धस्य हीलनीयो भविष्यामि यन्नूनं केनापि देवादिना शापदग्धोऽयं यदेवमेतादृशीं ऋद्धिं विहाय साम्प्रतं ईदृशीं अवस्थां प्राप्तः, आदिशब्दादाचार्यादिरप्येवमेव शुचिभूतं वस्त्रं प्रावृणोति, संयत्यपि ऋद्धिमत्प्रव्रजिता नित्यं पाण्डुरपट्टप्रावृत तिष्ठति वा ॥

भावार्थः—साधु अपने मैले कुचैले वस्त्र देख मनमें विचार क कि मैं ऐसे मलीनवस्त्रोंसे बुरा मालूम होता हूं । इसलिये इन स्वच्छ बनानेकी तजवीज करूं तो ठीक है, ऐसे विचारसे याने वस्त्रों मलीनपना अप्रिय होजानेके कारण इन्हें तात्कालिक शुद्ध कर

कोई महानुभाव राज्य ऋद्धि पाया हुवा था या वैभवशाली कोई धनिक साहूकार था और दीक्षित होगया है। उसके मनमें विचार आया कि मैं मलीनवस्त्रसे मूर्ख और अज्ञानी लोकसे हलका दिखुंगा या सामान्य लोग मेरी निन्दा करेंगे या कहेंगे कि इसको किसी देवता पिशाच ने श्राप दिया। जिससे यह एसी अनुपम अलभ्य ऋद्धि सिद्धी का त्याग कर साधु बनगया। और अब मलीन वस्त्र पहिने फिरता है। एसा भाव मनमें उत्पन्न हो। वह साधु हो या साध्वी अच्छे वस्त्र को पहिने तो दूषित नही माना जाता।

